# वनभूमि की मांग के सम्बन्ध में आख्या।

1.5 (5)

**परियोजना का नाम :–** **मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क संयोजन योजना के अन्तर्गत जनपद चम्पावत के विकास खण्ड पाटी में काठगोदाम खुटानी लोहाघाट पंचेश्वर मोटर मार्ग से ग्रामसभा गहतोड़ा में झाड़ सिरतोली तक मोटर मार्ग का निर्माण।**

उपरोक्त मोटर मार्ग के निर्माण हेतु प्रथम चरण में प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति शासनादेश संख्या 1440/III(2)/11–05 (प्रा0आ0)/2010 दि0 28–3–2011 के द्वारा 3.000 कि. मी. लम्बाई में स्वीकृत हुई है। विषयक मोटर मार्ग का समरेखन काठगोदाम खुटानी लोहाघाट पंचेश्वर मोटर मार्ग के कि.मी. 147.000 धूनाघाट से बरमतोड़ा मोटर मार्ग के कि.मी. 2.500 से प्रारम्भ किया गया। धूनाघाट बरमतोड़ा मोटर मार्ग की स्वीकृति पूर्व में ही प्राप्त हुयी थी, जिसमें पड़ने वाले वनभूमि प्रस्तावों की सैद्धान्तिक स्वीकृति भारत सरकार पर्यावरण एवं वनमंत्रालय ने अपने पत्रॉक 8बी0/यू0सी0पी0/07/100/2011/एफ0सी0/217 दि0 14–11–2013 के द्वारा प्रदान की गयी है। समस्त औपचारिकताएँ पूर्ण करने के पश्चात विधिवत स्वीकृति हेतु भारत सरकार को प्रकरण प्रेषित किया गया है। इसी मार्ग से प्रस्तावित मोटर मार्ग का समरेखन अनुमोदित किया गया है। इस मार्ग के प्रारम्भ में सिविल भूमि प्रभावित हो रही है, तत्पश्चात आरक्षित, नाप, सिविल, आरक्षित भूमि प्रभावित हो रही है। क्योंकि ग्राम कापड़ी व झाड़ सिरतोली आरक्षित भूमि के बीच में बसे हैं। इन ग्रामों के चारों ओर आरक्षित भूमि होने के कारण अन्य वैकल्पिक मार्ग से भी आरक्षित भूमि ही प्रभावित हो रही है। इन ग्रामों को जोड़ने हेतु उक्त समरेखन के अलावा कोई भी वैकल्पिक समरेखन संभव नहीं है। शासन द्वारा अभी इस मार्ग हेतु 3.000 कि.मी. की स्वीकृति प्रदान की गयी है। परन्तु मोटर मार्ग के समरेखन में प्रारम्भ व अन्तिम बिन्दु में वनभूमि पड़ने के कारण इस मार्ग को मात्र कापड़ी गॉव 1.500 कि.मी. तक ही बनाया जाना प्रस्तावित किया गया है। ग्राम झाड़ सिरतोली हेतु 3.000 कि.मी. मोटर मार्ग अतिरिक्त आवश्यकता होगी। जिसके प्रस्ताव स्वीकृति उपरान्त बानाये जाने संभव होगें। इस मार्ग के बनने से ग्राम झाड़ सिरतोली, पथरकोट, आदि ग्रामों की दूरी कम हो रही है। वर्तमान में उक्त ग्राम किसी भी सम्पर्क मार्ग से नहीं जुड़े हैं। ग्रामवासियों को वर्तमान में लगभग 5 कि.मी. पैदल चल कर अपने गॉव तक पहुॅचना पड़ता है।

अन्य वैकल्पिक समरेखन न मिलने के कारण इस मार्ग का प्रारम्भिक स्थल सिविल भूमि से लिया गया है। इस मार्ग के 1.500 कि.मी. में ग्राम कापड़ी तोक बरमतोड़ा बसा हुआ है। इस क्षेत्र में अभी तक कोई भी मोटर मार्ग नहीं है। इस मार्ग के बनने से इस क्षेत्र की जनता/ग्रामवासियों का सीधा सम्पर्क तहसील मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय से हो जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार इस मार्ग में पड़ने वाले वनभूमि प्रस्ताव 0.770 हे0 + मलुवे हेतु 0.200 हे0 कुल 0.970 हे0 का स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जा रहा है। वनभूमि की स्वीकृति उपरान्त इस मार्ग का निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा, ताकि क्षेत्रीय जनता को यातायात की सुविधा प्रदान की जा सके।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
लोहाघाट (चम्पावत)

ह0 अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
लोहाघाट (चम्पावत)
(प्रयोक्ता एजेन्सी)